भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2218

दिनांक 12 दिसम्बर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

कैंसर के उपचार के लिए टाटा मेमोरियल अस्पताल

†2218. श्री विशालदादा प्रकाशबापू पाटीलः
श्रीमती भारती पारधीः
श्री श्रीरंग आप्पा चंदू बारणे:
श्री नरेश गणपत म्हस्केः
डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदेः
श्री रविंद्र दत्ताराम वायकरः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने कैंसर का किफायती, सुलभ और समय पर उपचार प्रदान करने के लिए टाटा मेमोरियल अस्पतालों के मॉडल पर ध्यान दिया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार का देश के अन्य भागों, विशेषकर टियर-2 और टियर-3 शहरों में गंभीर बीमारियों हेतु इसी प्रकार के मॉडल अस्पताल स्थापित करने का विचार है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान देश भर में इस मॉडल की तर्ज पर नए सुपर-स्पेशलिटी अस्पतालों की स्थापना या मौजूदा अस्पतालों के विस्तार के लिए राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी निधि आवंटित और उपयोग की गई है,
(घ) क्या सरकार इस किफायती स्वास्थ्य सेवा मॉडल को कार्यान्वित करने के लिए निजी प्रतिष्ठानों, न्यासों के साथ सहयोग कर रही है या सीएसआर पहलों में भागीदारी कर रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है,
(ङ) सरकार द्वारा ऐसे उन्नत अस्पतालों में पर्याप्त स्टाफ सुनिश्चित करने के लिए चिकित्सीय शिक्षा को सुदृढ़ करने और चिकित्सकों, शल्य-चिकित्सकों और परिचारिकाओं की भर्ती के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और
(च) क्या सरकार द्वारा देश भर के प्रत्येक राज्य में गंभीर बीमारियों के लिए उन्नत, किफायती और समय पर उपचार प्रदान करने के लिए दीर्घकालिक रोडमैप की योजना बनाई गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ग): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय विशिष्ट कैंसर परिचर्या सुविधा केंद्रों को सुदृढ़ करने की योजना का कार्यान्वयन करता है। इस योजना के अंतर्गत, देशभर में 19 राज्य कैंसर संस्थान (एससीआई) और

20 विशिष्ट कैंसर परिचर्या केंद्र (टीसीसीसी) स्थापित करने के लिए सिविल कार्य और उपकरण खरीद हेतु एकमुश्त सहायता प्रदान की जाती है। परमाणु ऊर्जा विभाग के अधीन सहायता अनुदान प्राप्त संस्थान टाटा मेमोरियल सेंटर (टीएमसी) ने वाराणसी, विशाखापत्तनम, न्यू चंडीगढ़, गुवाहाटी, संगरूर और मुजफ्फरपुर में छह अस्पताल स्थापित किए हैं, ताकि उच्च गुणवत्ता वाली व्यापक कैंसर परिचर्या सेवाएं प्रदान की जा सकें।

(घ) से (च): ऑन्कोलॉजी सहित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू करने में सुगमता के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

- दो संकाय सदस्यों के साथ भी, वरिष्ठ रेजिडेंट के बगैर भी, दो सीटों के साथ स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू किए जा सकते हैं।
- यूनिट के गठन के लिए बिस्तरों की आवश्यकता का युक्तिकरण किया गया है, जिससे कई विशिष्टताओं में यूनिट के लिए बिस्तरों की आवश्यकता कम हो गई है।
- मेडिकल कॉलेज/संस्थान स्नातक पाठ्यक्रम शुरू करने की अनुमति मिलने के एक वर्ष बाद (अर्थात स्नातक पाठ्यक्रम के वर्तमान वर्ष के दौरान) स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए आवेदन कर सकते हैं, और सरकारी मेडिकल कॉलेज स्नातक पाठ्यक्रम के साथ-साथ स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू कर सकते हैं।

******